# नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिए समग्र और व्यवहारिक अनुशंसाएं होंगी तैयार

## समान नागरिक संहिता के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**शाजापुर, 3 जून. मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को गांधी हॉल में आयोजित की गई. बैठक में समान नागरिक संहिता से जुड़े सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त किए गए.**




बैठक में समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति के सदस्य डॉ. शोभा पेठनकर एवं गोपाल शर्मा ने समिति गठन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा गठित यह उच्च स्तरीय समिति विवाह, भरण-पोषण, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार तथा अन्य पारिवारिक कानूनों से संबंधित विधिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी. बैठक में विधायक अरुण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पाण्डे,, भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर, पूर्व नपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, डॉ. विवेक दुबे, पार्षदगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत दिए. इस अवसर पर नगरपरिषद मक्सी अध्यक्ष श्रीमती लाड़कुंवर बाई, शाजापुर नगरपालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी, संयुक्त आयुक्त श्रीमती शैली कनास, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले आदि मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा पुरोहित व सत्यनारायण पाटीदार ने किया. आभार जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान ने माना.



### छह से अधिक भाषा बोल सकती हैं पूजा हेगड़े

उन्होंने बताया कि जनपरामर्श बैठकों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है. समिति द्वारा प्रदेशभर के जिलों में जाकर नागरिकों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे. आमजन से सुझाव प्राप्त करने के लिए एक विशेष वेबसाइट का निर्माण भी किया गया है. इस वेबसाइट के माध्यम से इच्छुक नागरिक अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते

15 जून तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

### सुझावों का संकलन और विचार मंथन

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राज्यों में इस दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ है. मध्यप्रदेश शासन द्वारा व्यापक जनभागीदारी के माध्यम से इस विषय पर सुझावों का संकलन एवं विचार-मंथन किया जाएगा, ताकि नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिए समग्र एवं व्यवहारिक अनुशंसाएं तैयार की जा सके.

## एक नजर में

### उगली में किसान संगोष्ठी आज

शुजालपुर, 3 जून. भारतीय किसान संघ तहसील शुजालपुर के तत्वावधान में गुरुवार 4 जून को ग्राम उगली में किसान संगोष्ठी एवं मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं खरीफ फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराना है. संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर के कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहेंगे, जो सोयाबीन सहित विभिन्न फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक की उन्नत तकनीकों, फसल प्रबंधन, उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी देंगे. किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम वैज्ञानिक सलाह भी प्रदान की जाएगी. संगोष्ठी के पश्चात भारतीय किसान संघ तहसील शुजालपुर की मासिक बैठक आयोजित होगी, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों एवं किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी. भारतीय किसान संघ ने तहसील के समस्त कार्यकर्ताओं, जिला कार्यकारिणी सदस्यों, ग्राम इकाई अध्यक्षों, मंत्रियों एवं क्षेत्र के किसानों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि संबंधी उपयोगी जानकारी का लाभ लेने की अपील की है. संघ के अनुसार कार्यक्रम 4 जून को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत उगली में आयोजित किया जाएगा.

### पुरुषोत्तम मास में ठाकुरजी का नौका विहार



शुजालपुर, 3 जून. नेमा समाज शुजालपुर के तत्वावधान में श्रीराम जानकी धाम स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन धार्मिक उत्साह और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला. पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ठाकुरजी का आकर्षक नौका विहार कराया गया. अष्ट सखियों के साथ प्रिय लालजू के नौका विहार दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. मंदिर परिसर जयकारों और भजनों से गुंजायमान रहा. कथा के तृतीय दिवस पर कथावाचक मनोज व्यास ने सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन किया. उन्होंने कथा को अत्यंत सरल, व्यवहारिक एवं जीवनोपयोगी उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, धैर्य, समर्पण और आत्मविश्वास का संदेश दिया. ध्रुव की अटूट साधना और दृढ़ संकल्प का प्रसंग सुनकर श्रोता भावुक हो उठे. कथा आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बढ़ती उपस्थिति ने आयोजन की लोकप्रियता को दर्शाया. बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं. नेमा समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे.

# स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जीवनशैली का दिया संदेश

## विश्व साइकिल दिवस पर निकाली जागरुकता साइकिल रैली

**शाजापुर, 3 जून. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत संगठन नई दिल्ली के आदेशानुसार एवं मेरा युवा भारत शाजापुर के जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी के निर्देशन में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आज सुबह 8.15 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर से साइकिल रैली का आयोजन किया गया.**




साइकिल रैली को शाजापुर थाना कोतवाली प्रभारी संतोष वाघेला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. रैली में लगभग 50 से 100 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जीवनशैली का संदेश दिया. रैली के माध्यम से नागरिकों को दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया. इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि साइकिल का अधिक उपयोग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं ईंधन की बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. देश में पेट्रोल एवं ऊर्जा संसाधनों पर बढ़ते दबाव को कम करने में साइकिल एक सरल, सुलभ एवं प्रभावी विकल्प है. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा समाज में साइकिल उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देना रहा. प्रतिभागियों ने नियमित साइकिल चलाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. माखनलाल धानुक, खेल प्रशिक्षक मनोज आर्य, शिक्षा विभाग जिला क्रीड़ा अधिकारी बीएल गोयल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर प्राचार्य हेमेन्द्र यादव, एनसीसी सार्जेंट कनिका सोलंकी, सीएचएम जयेश प्रजापति, सीपीएल विनायक पाटीदार, शाजापुर थाना कोतवाली प्रभारी संतोष वाघेला, नंदकिशोर विश्वकर्मा, अनिल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

### युवाओं ने दिया हरित भविष्य का संदेश



शुजालपुर, जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में इको क्लब के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया. इस वर्ष की थीम एक हरित और स्वस्थ भविष्य के लिए साइकिलिंग रही. कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था. इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह ऊर्जा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का प्रभावी माध्यम भी है. उन्होंने कहा कि बढ़ते ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में यदि अधिक से अधिक लोग साइकिल का उपयोग करें तो ऊर्जा की खपत और प्रदूषण दोनों में कमी लाई जा सकती है. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि साइकिल एक सरल, सस्ती, भरोसेमंद और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था है, जो स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. कार्यक्रम में एनसीसी राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं खेल विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर एनएसएस जिला संगठक देवेंद्र कुंभकार एवं प्रीतम परमार का विशेष सहयोग रहा. विद्यार्थियों ने विश्व साइकिल दिवस की थीम के अनुरूप साइकिल चलाएं, स्वास्थ्य बढ़ाएं प्रदूषण घटाएं पर्यावरण बचाए तथा साइकिलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य, समानता और स्थिरता को बढ़ावा देना जैसे संदेशों के माध्यम से जनजागरूकता का आह्वान किया.

### भारत विकास परिषद ने निकाली साइकिल रैली



आगर-मालवा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील से प्रेरित होकर विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा आगर मालवा द्वारा पर्यावरण संरक्षण, पेट्रोल बचत एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने हेतु भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया. रैली का शुभारंभ गांधी उपवन, सारंगपुर रोड से हुआ, जिसमें परिषद सदस्यों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. साइकिल रैली गांधी उपवन से प्रारंभ होकर छावनी नाका, विजय स्तंभ, पुराना अस्पताल चौराहा, हाटपुरा, सराफा, गोपाल मंदिर, नाना बाजार, नरसिंह मंदिर एवं छावनी झंडा चौक से होकर पुन: गांधी उपवन पहुंची. पुराना अस्पताल चौराहे पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी, डॉ. संदीप चौपड़ा, डॉ. शशांक सक्सेना एवं बंटी धाकड़ ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिए. इसी प्रकार छावनी झंडा चौक पर कैलाश माहेश्वरी, रमण जैन एवं डॉ. विजय सागरिया ने साइकिल चलाने का महत्व बताया. इस दौरान महिला प्रमुख शिरोमणि माहेश्वरी, सुधा मेठी, कल्पना माहेश्वरी, संतोषी पालीवाल, डॉ. सुनीता मालानी, आभा चौपड़ा, डॉ. निवेदिता शर्मा एवं गरिमा मेठी सहित भारत विकास परिषद, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे.

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**शाजापुर, 3 जून.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई. श्रीमती चौहान ने 19 शेष हस्तांतरित योजना को हस्तांतरण करने एवं जल स्त्रोत से बंद 63 योजनाओं को चालू कराने के निर्देश दिए.

# पुलिस को मिली रफ्तार, दो नए वाहन पुलिस बेड़े में हुए शामिल

## आधुनिक संसाधनों से सशक्त होगी आगर पुलिस, एसपी ने किया नवीन वाहनों को पूजन

**आगर-मालवा, 3 जून. पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा विभिन्न जिलों को नवीन वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. इसी क्रम में जिला पुलिस आगर मालवा को नवीन बोलेरो नियो एवं ट्रैवलर वाहन प्राप्त हुए हैं. पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा पुलिस लाइन आगर में विधिवत पूजन-अर्चन कर इन वाहनों को जिला पुलिस के वाहन बेड़े में शामिल किया गया.**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनी ने कहा कि आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित पुलिस बल ही वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकता है. नवीन वाहनों के शामिल होने से जिले में कानून व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था, विशेष अभियान, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. आगर मालवा जिले का भौगोलिक क्षेत्र विस्तृत होने के कारण कई ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक शीघ्र पहुंचना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकता है. नवीन वाहनों की उपलब्धता से पुलिस बल की गतिशीलता बढ़ेगी तथा किसी भी सूचना, दुर्घटना, अपराध अथवा आपात स्थिति में पुलिस और अधिक तीव्रता एवं प्रभावशीलता के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई कर सकेगी. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव, सूबेदार जगदीश यादव, समस्त थाना प्रभारीगण, समस्त चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

# फुटबॉल खिलाड़ियों को बताया सड़क सुरक्षा का महत्व



**शुजालपुर, 3 जून. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में बुधवार को क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में फुटबॉल ग्रुप के खिलाड़ियों के लिए परिवहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में खिलाड़ियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई.**

कार्यक्रम में परिवहन विभाग के जितेंद्र सिंह राठौर एवं सुनील गुर्जर ने खिलाड़ियों को सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक नियमों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन से दूरी तथा यातायात संकेतों का अनुसरण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. उन्होंने खिलाड़ियों से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया. इस दौरान मध्यप्रदेश शासन की राहवीर योजना की जानकारी भी दी गई. वक्ताओं ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को शासन की ओर से 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है. योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराना और लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करना है. कार्यक्रम अधिकारी एवं क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने खिलाड़ियों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी.

### खिलाड़ी समाज का आदर्श होते हैं...

उन्होंने कहा कि खिलाड़ी समाज के आदर्श होते हैं और उनके आचरण से अन्य लोग भी प्रेरणा लेते हैं. कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में फुटबॉल ग्रुप के लीडर नरेंद्र परमार, सौरभ कारपेंटर, चैतन्य पाटीदार तथा मनीष विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा. अंत में सभी खिलाड़ियों ने यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

## एक नजर में

### खेतों की साफ-सफाई और खाद डालने के कार्य में जुटे किसान

# खरीफ सीजन की तैयारी, मानसून का बेसब्री से इंतजार

**नलखेड़ा, 3 जून. खरीफ फसलों की बुआई का समय नजदीक आते ही क्षेत्र के किसान खेतों की तैयारियों में जुट गए हैं. खेतों की हांक, जुताई और गोबर खाद डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है. वहीं किसान अब मानसून की पहली बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. पिछले दो-तीन वर्षों में 11-12 जून के आसपास प्री-मानसून वारिश शुरू हो गई थी, जिससे किसानों को समय पर बुआई का अवसर मिल गया था.**



जून माह के पहले-दूसरे सप्ताह से मौसम में परिवर्तन आना शुरू हो जाता है. अगर पहले बारिश हो जाती है, तो ऐसे में किसान बिना तैयारी हाथ पर हाथ धरे रह जाता है, लेकिन इस वर्ष ऐसे के बारिश का फायदा उठाने के लिए जून माह के पहले सप्ताह से ग्रामीण क्षेत्र के किसान खरीफ खेती-किसानी की तैयारी में जुट गए हैं. वे सुबह खेतों में जाकर मेढ़ निर्माण कर रहे हैं. वहीं मेढ़ व खेतों के खरपतवार निकालकर जला रहे हैं, ताकि खेतों की सफाई हो सके. उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ सीजन पर जिले के सभी किसान अलग-अलग तरह की फसल लेते हैं.

#### गोबर खाद डालकर तैयारी शुरू

इसके अलावा किसान खेतों के आसपास की सफाई में भी लगे हुए हैं. झाड़ियों, खरपतवार और कीटों के संभावित ठिकानों को हटाया जा रहा है ताकि फसल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. वहीं, कई किसान जल संचयन पर भी ध्यान दे रहे हैं और वर्षा जल को एकत्र करने के लिए खेतों में समतलीकरण व नालों की सफाई कर रहे हैं. खरीफ सीजन की बेहतर शुरुआत के लिए गांव के आसपास के किसान पूरी मेहनत और समर्पण के साथ जुटे हैं. उनकी यह तत्परता भविष्य में अच्छी फसल और बेहतर आमदनी की नींव रख रही है. क्षेत्र के कई किसानों ने खेतों में गोबर खाद डालकर तैयारी पूरी कर ली है, जबकि अन्य किसान अभी खेतों को तैयार करने में जुटे हैं. खाद, बीज और दवा विरंता भी किसानों को पर्याप्त उपलब्धता का भरोसा दिला रहे हैं. बाजारों में बरसाती और कृषि उपयोगी सामग्री की दुकानें सजने लगी हैं. कुल मिलाकर ग्रामीण क्षेत्र में खरीफ सीजन और मानसून के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है.

### बुआई के लिए तैयारी में जुटे किसान...

सोयाबीन, बाजरा, मक्का, मूंगफली और उड़द जैसी 4 खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसान इस समय खेतों को बुआई के लिए तैयार करने में जुटे हैं. खेतों की गहरी जुताई कर खरपतवार को नष्ट किया जा रहा है, ताकि बुआई के समय मिट्टी उपजाऊ और नरम हो. इसके साथ ही किसान जैविक व देशी खाद जैसे गोबर खाद, कम्पोस्ट आदि डालकर भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ा रहे हैं. इससे मिट्टी में पोषक तत्वों की भरपूरता बनीं रहती है, जिससे फसल का उत्पादन अच्छा होता है. खेती-किसानी के जानकार किसान धर्मेंद्र सिंह उमठ, सतीश पाटीदार, बद्रीलाल, हुकम सिंह गुर्जर आदि के अनुसार समय पर खेत तैयार करना और सही विधि से जुताई करना फसल की सफलता के लिए बेहद आवश्यक होता है.

### किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी

मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मानसून केरल और मुंबई क्षेत्र में अपेक्षाकृत देर से पहुंच रहा है. इससे किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं. दो जून को नौतपा भी समाप्त हो गया. हालांकि इस बार मई माह में भीषण गर्मी ने कई रिकॉर्ड तोड़े, लेकिन नौतपा के अंतिम दिनों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई और पिछले एक-दो दिनों से चल रही तेज हवाओं के कारण सुबह और रात के समय गर्मी से कुछ राहत महसूस की जा रही है.

### खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं एवं इसे नियमित रूप से जारी रखें

**शाजापुर, 3 जून.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना की उपस्थिति में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का समापन समारोह का आयोजन हुआ. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के मार्ग दर्शन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 31 मई तक जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड स्तर पर किया गया था. जिसका बुधवार को समापन जिला मुख्यालय के स्टेडियम में किया गया. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी. साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी खेल को नहीं छोड़े, जीवन का हिस्सा बनाए तथा इसे नियमित रूप से जारी रखे. साथ ही उन्होंने योगए प्रणायाम आदि को प्रतिदिन करने के लिए कहा. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय पर सहयोग प्रदान करने वाले 34 प्रशिक्षक को खेल विभाग की ओर से समारोह में ट्रेक सूट वितरित किए.